# बरसात के दिनो नदी में बाढ़ आते ही कैद हो जाता है झीलढाना

## आठ-आठ दिन स्कूल से दूर रहते विद्यार्थी, गर्भवती महिलाओं व बीमारों को खटिया पर लादकर नदी पार कराने की मजबूरी



**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड,14 अगस्त. जनपद पंचायय मोहखेड विकासखंड के घने जंगलों के बीच बसी ग्राम पंचायत ग्वारा अंतर्गत झीलढाना के ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं।**
करीब 25 से 30 मकानों की बस्ती वाले इस ढाने में न तो स्कूल है और न ही आंगनबाड़ी केंद्र है। बरसात के दिनो ग्रामीणों और स्कूली बच्चों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। नदी में बाढ़ आने के बाद इस ढाने का संपर्क लगभग कट जाता है और ग्रामीणों के साथ बच्चे भी मानो गांव में कैद होकर रह जाते हैं।

झीलढाना के बच्चों को प्राथमिक और मिडिल स्तर की पढ़ाई के लिए करीब दो किलोमीटर कच्चा रास्ता तय करने के बाद नदी पार करनी पड़ती है। इसके बाद बच्चे बिछुआ विकासखंड के गुलसी गांव के मिडिल स्कूल एवं सालईढाना के प्राथमिक स्कूल पहुंचते हैं।

ग्रामीणों के अनुसार सामान्य दिनों में बच्चे किसी तरह यह सफर तय कर स्कूल पहुंच जाते हैं, लेकिन बारिश के दिनों में नदी में लगातार बाढ़ का पानी बहने से रास्ता बेहद जोखिम भरा हो जाता है। कई बार बच्चे आठ-आठ दिन तक स्कूल नहीं जा पाते, जिससे उनकी पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित होती है नदी पर पुल नहीं होने का सीधा असर बच्चों के भविष्य पर पड़ रहा है। कक्षा पांचवीं और आठवीं के बाद आगे की पढ़ाई के लिए आवागमन और नदी पार करने की समस्या इतनी बढ़ जाती है कि कई बच्चे आगे पढ़ाई जारी नहीं रख पाते.सबसे पहले गंभीर स्थिति गांव में कोई बीमार हो जाये और गर्भवती महिलाओं को लेकर बनती है। न तो एबुलेंस एंव चौपहिया वाहन आ पाते है,ऐसे में मरीज या गर्भवती महिला को खटिया पर लिटाकर ग्रामीण करीब दो किलोमीटर पैदल कच्चे रास्ते से नदी पार कर गुलसी गांव के मुख्य मार्ग तक ले जाते हैं, जहां से वाहन की व्यवस्था की जाती है। इस तरह की आपात स्थिति में कई बार रास्ते में ही प्रसव की नौबत आ जाती है, वहीं गंभीर मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाने से जान का खतरा भी बना रहता है।

### नेटवर्क के लिए भी करना पड़ता है इंतजार

झीलढाना में मोबाइल नेटवर्क नहीं होने से ग्रामीणों को फोन लगाने या इंटरनेट चलाने के लिए गांव से बाहर निकलना पड़ता है। बारिश और बाढ़ के बीच यह समस्या और गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि आज के डिजिटल दौर में जहां अधिकांश सरकारी कामकाज और सुविधाएं मोबाइल के माध्यम से उपलब्ध हो रही हैं, वहीं उनका गांव अभी भी नेटवर्क सुविधा से वंचित है।

### राशन और पंचायत के काम के लिए 20 किमी का चक्कर

ग्रामीणों की परेशानी केवल बारिश तक सीमित नहीं है। राशन लेने और पंचायत से जुड़े कामकाज के लिए भी ग्रामीणों को लंबा सफर तय कर ग्वारा पहुंचना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार झीलढाना से ग्वारा की सीधी दूरी करीब आठ किलोमीटर है, लेकिन घना जंगल और उबड़-खाबड़ रास्ता होने के कारण सीधा आवागमन आसान नहीं है। मजबूरी में ग्रामीणों को घूमावदार सड़क से करीब 20 किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता है।

### इनका कहना है...

बारिश में नदी उफान पर आते ही गांव का संपर्क टूट जाता है। हमारी सरकार से मांग है कि ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए यहां जल्द पक्का पुल बनाया जाए।

**सुदामा वन,ग्रामीण**

मेरे विवाह को 13 साल हो गए हैं, लेकिन हर बारिश में नदी पर पुल नहीं होने की परेशानी झेलनी पड़ती है। हमारी मांग है कि शासन जल्द यहां पक्का पुल बनवाए, ताकि ग्रामीणों और बच्चों को सुरक्षित आवागमन मिल सके।

**ललिता भोसम,ग्रामीण महिला**

नदी में पानी बढ़ने पर स्कूल जाना बंद हो जाता है। यहां पुल बन जाए तो हम बिना डर के स्कूल जा सकेंगे।

**नीतू वन,छात्रा कक्षा आठवी**

पुल नहीं होने के कारण वर्ष 2016 में कक्षा पांचवीं के बाद मुझे पढ़ाई छोड़नी पड़ी। बारिश में नदी पार कर स्कूल जाना संभव नहीं था। हमारी मांग है कि अब यहां जल्द पक्का पुल बनाया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ी की पढ़ाई न रुके।

**अरविंद वन,युवा**

ग्रामीणों की समस्या को लेकर कई बार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पीडब्ल्यूडी विभाग सहित जनप्रतिनिधियों को पत्राचार कर पुल निर्माण की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक किसी ने इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। बारिश के दिनों में नदी में बाढ़ आने पर ग्रामीणों और स्कूली बच्चों की परेशानी बढ़ जाती है। शासन-प्रशासन से जल्द पुल निर्माण कराने की मांग है।

**सुखदयाल सीलू, सरपंच ग्राम पंचायत ग्वारा**

## जिले में अभी तक 578 .4 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा.** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 578.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 644.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 14 अगस्त 2026 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 0.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 14 अगस्त 2026 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसील बिछुआ में 5.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 354.2, मोहखेड़ में 445.5, तामिया में 621.2, अमरवाड़ा में 588, चौरई में 674.2, हर्रई में 752.3, बिछुआ 479.9, परासिया में 419.9, जुन्नारदेव में 575.8, चांद में 645.7 और उमरेठ में 661.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# अवैध मंदिरा परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

**आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को मौके पर ही किया गिरफ्तार**



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,14 अगस्त. आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 13 अगस्त 2026 की मध्य रात्रि को आबकारी विभाग की टीम ने बीसापुर रोड में कारीरात के पास कार्रवाई की।**
आबकारी विभाग की टीम ने आरोपी अमित पिता विनायक ठाकरे निवासी लिंगा को मोपेड़ से चार बोरियों में शराब का परिवहन करते हुए पकड़ा। जांच के दौरान दो बोरियां एक्सिस के पायदान के पास तथा दो बोरियां रस्सी से बांधकर पीछे टांगकर रखी गई थीं। बोरियों की तलाशी लेने पर 150 पाव देशी मसाला मदिरा, 50 पाव देशी प्लेन मदिरा एवं 180 पाव ऑफिसर च्वाइस विदेशी मदिरा, कुल 318 पाव देशी एवं विदेशी मदिरा (68.4 बल्क लीटर) बरामद की गई। शराब के परिवहन के संबंध में आरोपी के पास कोई पास या परमिट नहीं पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने उक्त शराब को 15 अगस्त के ड्राय-डे पर अवैध रूप से बेचने के लिए ले जाना स्वीकार किया। इसके बाद आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधित 2000) की धारा 34(1)(क) एवं 43(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे मौके पर गिरफ्तार किया और न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी.एल. मरावी, आबकारी मुख्य आरक्षक जगदीश प्रसाद डहरवाल एवं आरक्षक राजकुमार सैयाम उपस्थित थे।

# बीएमएस की क्रमिक भूख हड़ताल का चौथा दिन

**नवभारत न्यूज**
**परासिया,14 अगस्त.** भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ, मध्यप्रदेश, पेंच-कन्हान द्वारा विश्वकर्मा भवन परासिया में जारी क्रमिक भूख हड़ताल के चौथे दिन नेहरिया माइंस के कामगार उमेश एवं शिवराम आमरवंशी को भूख हड़ताल पर बैठाया गया।संघ द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, क्रमिक भूख हड़ताल के तीसरे दिन माथनी माइंस के कामगार बाबूलाल चंद्रवंशी एवं निर्मलदास को दूध पिलाकर भूख हड़ताल से उठाया गया।शुक्रवार 14 अगस्त 2026 को सुबह 10 बजे नेहरिया माइंस के कामगार उमेश एवं शिवराम आमरवंशी को वेकोलि सुरक्षा बोर्ड सदस्य कुंवर सिंह, पेंच-कन्हान के महामंत्री निखिलेश राहा, कार्यसमिति सदस्य धर्मेंद्र मिश्रा तथा सुरक्षा समिति सदस्य आशीष सरकनेर द्वारा तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठाया गया।इस अवसर पर पेंच-कन्हान के संयुक्त महामंत्री संजय बावड़िया, शाखा पदाधिकारी श्वेतल पटेल, अर्पण चौबे, मनोज यादववंशी, ऋषि कमल, रवि आठनेर, महेश राठौर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कमलनाथ व नकुलनाथ ने दी स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

**छिन्दवाड़ा.** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुये जिला, प्रदेश व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दी है।कमलनाथ ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि भारतवर्ष को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने के लिये स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों को न्योछावर कर आजाद भारत के स्वप्न को कांग्रेस के महापुरुषों ने साकार किया। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। देश को आजाद कराने में वीर सपूतों और स्वतंत्रता सेनानियों का महत्वपूर्ण योगदान है। श्री नाथ ने शहीदों को नमन करते हुये अपने शुभकामना संदेश के माध्यम से कहा कि आज की युवा पीढ़ी को आजादी की गाथा से अवगत कराया जाना चाहिये ताकि उनमें देश प्रेम की भावना जागृत हो। नकुलनाथ ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें देते हुये कहा कि स्वतंत्रता दिवस के प्रात: काल में सूरज की किरणें जिले, प्रदेश व देशवासियों के जीवन में नई, उमंग व ऊर्जा का संचार करेगा। कांग्रेस के महापुरुषों के योगदान व बलिदान से प्राप्त हुई आजादी में वर्षों का संघर्ष शामिल है.

# न्यूटन चिखली में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**देशभक्ति के रंग में रंगा नगर**



**नवभारत न्यूज**
**परासिया,14 अगस्त.स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर परिषद न्यूटन चिखली द्वारा नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, गौरव और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से शुक्रवार को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।**
तिरंगा यात्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, न्यूटन नंबर-4 से प्रारंभ हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस विभाग के जवान, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी,
जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। देशभक्ति के नारों और उत्साह के साथ यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए काली मंदिर पहुंची, जहां से निर्धारित मार्ग से वापस लौटी।बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता के चलते पूरे नगर में देशभक्ति का माहौल नजर आया। मार्ग में नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक तिरंगा यात्रा का स्वागत किया और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं गौरव व्यक्त किया।इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि तिरंगा देश की स्वतंत्रता, एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। ऐसे आयोजन विशेषकर बच्चों और युवाओं में देशप्रेम तथा राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# हाथों में तिरंगा,भारत माता के जयकारों से गूंजा परासिया

**नवभारत न्यूज**
**परासिया,14 अगस्त.**हाथों में तिरंगा और जुबां पर भारत माता की जय के जयकारों के साथ शुक्रवार को परासिया शहर देशभक्ति के रंग में रंग गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत परासिया एवं नगर पालिका परिषद परासिया के तत्वावधान में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं सहित हजारों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।तिरंगा यात्रा सुबह 11 बजे पुराना पेंचवेली कॉलेज से प्रारंभ हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए परासिया रेलवे स्टेशन पहुंची। दोपहर करीब



12:30 बजे रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान पूरा शहर देशभक्ति के नारों से गूंजता रहा।यात्रा में छोटे बच्चों से लेकर बड़े विद्यार्थियों तक ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर सहभागिता की। तिरंगे के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। आयोजन के दौरान भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों से वातावरण में जोश और उत्साह नजर आया।

तिरंगा यात्रा में विधायक सोहन बाल्मिक, जनपद उपाध्यक्ष जमील खान, जनपद अध्यक्ष आशा अशोक अमरवंशी, एसडीएम शुभम यादव, उप पुलिस अधीक्षक जितेंद्र जाट, नगर निरीक्षक ईश्वरी पटले नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, गोविंद बजोलिया, भारत डेहरिया, दीपा पाटिल, ज्योति डेहरिया, बल्लू नागी, हरि वर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम धुर्वे, श्याम गुन्हारे सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।तिरंगा यात्रा के दौरान शहरवासियों ने भी जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया। हजारों लोगों की मौजूदगी ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व आयोजित इस यात्रा ने नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, एकता और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया।

## संतोषी माता मंदिर में कांग्रेस सेवादल ने चलाया स्वच्छता अभियान

**छिंदवाड़ा.** जिला कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में शुक्रवार सुबह चार फाटक स्थित संतोषी माता मंदिर एवं पाटनी पेट्रोल पंप के सामने लालबहादुर शास्त्री परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर और लालबहादुर शास्त्री चौक की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष दीपक वाजपेयी ने बताया कि कार्यकर्ता सुबह करीब 9 बजे मंदिर परिसर पहुंचे, जहां पोछा लगाने सहित विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई की गई।इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष सुरेश कपाले सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जिला कांग्रेस सेवादल, नगर कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस सेवादल एवं कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शहीद स्मारक पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,14 अगस्त.**स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वच्छता एवं राष्ट्रभक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने शहीद स्मारक परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने स्वयं हाथ में झाड़ू लेकर परिसर की साफ-सफाई की और उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर शेषराव यादव ने कहा कि शहीद स्मारक हमारे उन वीर सपूतों की स्मृति का प्रतीक है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता और सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। ऐसे पवित्र स्थलों की स्वच्छता और गरिमा



बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। स्वच्छता केवल किसी अभियान तक सीमित न रहकर हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बने, यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ कार्यक्रम संयोजक धर्मेन्द्र मिगलानी, विजय पांडे, कमलेश उइके, भारत घई, संजय पटेल, जितेन्द्र शाह, दिन्शू यादव, संदीप सिंह चौहान, गुरूप्रसाद धुर्वे, राकेश माइकल पहाड़े, नीरज सिंह, कृपाशंकर सूर्यवंशी, राकेश अग्रवाल, तरूण सोनी, विक्की साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग मंत्री उदय प्रताप सिंह स्वतंत्रता दिवस समारोह में करेंगे ध्वजारोहण

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 14 अगस्त.. म.प्र. शासन परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग मंत्री राव उदय प्रताप सिंह 15 अगस्त को पुलिस परेड ग्राउंड छिन्दवाड़ा में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।** इस समारोह में मुख्य अतिथि का आगमन प्रात:8:58 बजे होगा तथा इसके बाद प्रात: 09.00 बजे राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का गायन किया जाकर प्रात: 09:05 बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं सलामी लेने के बाद प्रात: 9:05 से 9:30 बजे तक परेड का निरीक्षण, हर्ष फायर एवं मार्च पास्ट किया जायेगा। इसके पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के संदेश का सीधा प्रसारण प्रात:09:30 से 10:00 बजे तक देखा व सुना जायेगा। मुख्य अतिथि द्वारा प्रात:10:00 से 10:10 बजे तक बधाई संदेश का वाचन करेंगे। प्रात:10:10 से 10:30 बजे तक सामूहिक व्यायाम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद प्रात: 10:30 से 11:00 बजे तक प्रशस्ति पत्र/पुरस्कार वितरित करेंगे। इसके बाद प्रात: 11:00 से 11: 04 बजे तक राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का गायन किया जाकर प्रात: 11: 04 से 11:05 तक राष्ट्रगान एवं कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठ नागरिकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, भूतपूर्व सैनिकों, लोकतंत्र सेनानियों, पत्रकारों और जिले के आम नागरिकों से इस कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

# श्रावण मास रूद्र पूजा रुद्राभिषेक का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,14 अगस्त.** परम पूज्य गुरुदेव रविशंकर के द्वारा संस्थापित आर्ट ऑफ लिविंग संस्था छिंदवाड़ा परिवार के द्वारा श्रावण मास रूद्र पूजा का आयोजन किया जा रहा है। बेंगलुरु आश्रम से पधारे आचार्य आशीष जी ने बताया कि रूद्र पूजा हमारी वैदिक परंपरा है, रुद्र यानी शिव जो उदार, परोपकारी, हितकारी व हितेषी हैं एवं दुखो का संहार करने वाले हैं, पूजा जो पूर्णता से जन्म लेती है इसके माध्यम से हम हमारी आंतरिक शांति और मनोकामना पूरी कर सकते हैं, यह संसार सकारात्मक ऊर्जा और नकारात्मक ऊर्जा से भरा हुआ है जब हम शिव की आराधना करते हैं तो वह हमारे चारों ओर जो नकारात्मक ऊर्जा जो बीमारी दुख और अवसाद के रूप में है उसे शांति वैभव और आनंद के रूप में बदल देते हैं हमारे शरीर, मन एवं चेतना में सकारात्मक ऊर्जा व्याप्त होती है साथ ही शांति का अनुभव होता है। पूजा में संकल्प के बारे में वे बताते हैं कि संकल्प जो किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए पूजा कर रहे हैं संकल्प पूजा आपके नाम से एवं आपके संकल्प के लिए होती है संकल्प लेकर पूजा में शामिल होने पर हमारे कष्ट दुख एवं बुरे कर्मों का क्षय होता है साथ ही शांति , वैभव, खुशहाली एवं समृद्धि प्राप्त होती है। परम पूज्य गुरुदेव रविशंकर के विश्व शांति के संकल्प हेतु भारतवर्ष के प्रत्येक शहर एवं कस्बे में श्रावण मास में रूद्र पूजा का आयोजन किया जा रहा है , आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के कृष्ण उत्तम राजपूत, सुरेश पवार, संतोष साहू, मनीष शर्मा, दीप्ति शर्मा, रामकुमार सोनी, बृजेश कालपीवार, मुनींद्र चौधरी एवं रमेश जोगी ने बताया कि भगवान शिव को अभिषेक अत्यधिक प्रिय है एवं श्रावण मास में होने वाले रुद्राभिषेक से भोलेनाथ प्रसन्न होकर सम्पूर्ण समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं इसी तारतम्य में रघुवंशम लॉन शुक्लू ढाना सिवनी रोड़ छिंदवाड़ा में 16 अगस्त दिन रविवार को शाम 7:00 बजे रूद्र पूजा रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है.


## कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)

क्रमांक /114/ HEALTH / 2026 देवास दिनांक 11/08/2026

/ / षष्ठम निविदा आमंत्रण सूचना / /

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_528863_1 11/08/2026 | देवास निगम सीमा क्षेत्र के आवारा श्वानों की नसबंदी और टीकाकरण के लिए एक वर्ष के लिये गैर सरकारी संगठनों / पशु कल्याण संगठनो जो कि एनिमल वेलफेयर बार्ड ऑफ इण्डिया से पंजीबद्ध हो हेतु षष्ठम ऑनलाईन निविदा प्रपत्र। | 12 माह 50,00,000/- | 10,000/- 1,50,000/- | 01/09/2026 06.00 PM |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम देवास



## वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)
कोल इस्टेट, सिविल लाईन, नागपुर-440001, महाराष्ट्र, इंडिया. वेबसाईट - www.westerncoal.in

**सूचना**

कोल इंडिया लिमिटेड तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा वस्तुओं, कार्यों और सेवाओं की खरीद हेतु जारी की गई सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**, संबंधित सहायक कंपनी की वेबसाईट (वेस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड) **www.westerncoal.in**, CIL ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** तथा सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है। वस्तुओं और सेवाओं की खरीद (यदि वे GeM पोर्टल पर उपलब्ध है) GeM पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से की जाती है।


# तामिया के विद्यार्थियों ने घूमा पर्यटन ग्राम गुमतरा

## बैलगाड़ी की सवारी का उठाया आनंद, बनाए मिट्टी के बर्तन



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,14 अगस्त. पर्यटन बोर्ड द्वारा ग्रामीण और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित नॉलेज टूरिज्म के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण करवाया जा रहा है।**
वर्ष 2026-27 का प्रथम भ्रमण 13 अगस्त 2026 को शासकीय महाविद्यालय तामिया के पर्यटन संकाय के विद्यार्थियों के लिए जिले के पर्यटन ग्राम गुमतरा में आयोजित किया गया। इसमें 45 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस शैक्षणिक भ्रमण में 5 प्राध्यापकों सहित 45 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने गांव के जीवन, संस्कृति, खान-पान और पर्यटन संचालन को करीब से समझा। भ्रमण के दौरान उन्हें एग्रो-टूरिज्म तथा 'फार्म टू प्लेट' की अवधारणा की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने बैलगाड़ी की सवारी का आनंद लिया और मिट्टी के बर्तन बनाने की कला सीखी। इसके साथ ही स्थानीय लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखीं। विद्यार्थियों ने होमस्टे प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। यह कार्यक्रम एमपीटीबी के निदेशक डॉ. डी.पी. सिंह के मार्गदर्शन में संस्था इंडियन ग्रामीण सर्विसेज और रिस्पॉन्सिबल ग्राम पर्यटन समिति गुमतरा के सहयोग से आयोजित किया गया।

### पेंच के पास बसा आदर्श पर्यटन ग्राम गुमतरा

गुमतरा गांव पेंच टाइगर रिजर्व के जमतरा गेट से मात्र 12 कि.मी. और छिंदवाड़ा से 55 कि.मी. दूर स्थित है। यहां वर्तमान में 10 होमस्टे पर्यटकों के लिए तैयार हैं। ये होमस्टे न केवल शैक्षणिक भ्रमण, बल्कि छोटे समारोह, जन्मदिन और प्री-वेडिंग शूट के लिए भी उपयुक्त हैं।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा

मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के प्रतिनिधियों ने कहा कि ज्ञान पर्यटन के माध्यम से विद्यार्थी किताबों से बाहर निकलकर जमीनी स्तर पर पर्यटन को समझ सकेंगे। गुमतरा जैसे गांव स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा कर रहे हैं। पर्यटन बोर्ड ने इस यात्रा को कवर करने के लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को भी आमंत्रित किया है, ताकि गुमतरा की ग्रामीण सुंदरता और आतिथ्य को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सके।